प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 19.03.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा


## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।







आज दिनांक- 19.03.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 19.03.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

होली त्यौहार के दृष्टिगत एक लम्बे अन्तराल के बाद आज दिनांकः- 19.03.2025 को खुल रहे बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।



## थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने अवैध देशी शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार –

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक- 18.03.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार द्वारा गठित की गई उ0नि0 देवीशंकर मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त ईश्वरदास पटेल पुत्र रामनाथ पटेल निवासी ग्राम घुटई थाना महोबकंठ जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 बोरी मे 18 अदद क्वार्टर देशी शराब झूम ब्रांण्ड नाजायज बरामद करते हुए कनकुवा रोड पुलिया के पास ग्राम महोबकंठ से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 49/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

ईश्वरदास पटेल पुत्र रामनाथ पटेल निवासी ग्राम घुटई थाना महोबकंठ जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 देवीशंकर मिश्रा
2. कां0 अरूण कुमार



## थाना पनवाड़ी पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 06 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक- 18.03.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी श्री गुलाब त्रिपाठी द्वारा गठित की गई उ0नि0 हार्दिक सिंह व उ0नि0 पवन गौड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम जमाला के पास सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 06 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.दीपक पुत्र ताराचन्द्र उम्र 30 वर्ष 2.गया प्रसाद पुत्र भरोसा उम्र 58 वर्ष 3.श्रीचन्द्र पुत्र धरमपाल उम्र 25 वर्ष 4.रोहित कुमार पुत्र गंगाराम उम्र 25 वर्ष 5.चरन सिंह पुत्र धनीराम उम्र 36 वर्ष 6.शिवकुमार पुत्र देशपत उम्र 30 वर्ष को नियमानुसार पुलिस हिरासत में लिया गया। जिनके कब्जे से मालफड़ 20500 रुपये व जामातलाशी 4210 रुपये (कुल 24710 रूपये) व 52 अदद ताशपत्ते बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 57/2025 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 हार्दिक सिंह 2. उ0नि0 पवन गौड़
3. कां0 रवि कुमार 4. का0 देवेन्द्र राजपूत 5. का0 विपिन कुमार

### बरामदगी-

मालफड़ 20500 रुपये व जामातलाशी 4210 रुपये (कुल 24710 रूपये) व 52 अदद ताश के पत्ते नाजायज बरामद होना

### गिरफ्तार अभियुक्त –

1. दीपक पुत्र ताराचन्द्र उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम अण्डवारा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा
2. गया प्रसाद पुत्र भरोसा उम्र 58 वर्ष निवासी ग्राम भटेवरा कला थाना चरखारी जनपद महोबा
3. श्रीचन्द्र पुत्र धरमपाल उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम महुआ थाना पनवाड़ी जनपद महोबा
4. रोहित कुमार पुत्र गंगाराम उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम मुस्कुरा खुर्द थाना मझगंवा जनपद हमीरपुर हालपता ग्राम महोबकंठ थाना महोबकंठ जनपद महोबा
5. चरन सिंह पुत्र धनीराम उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम भटेवरा कलां थाना चरखारी जनपद महोबा
6. शिवकुमार पुत्र देशपत उम्र 30 वर्ष निवासी भटेवरा कला थाना चरखारी जनपद महोबा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 19.03.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना खन्ना पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 07 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक- 18.03.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 हीरामणि तिवारी व उ0नि0 प्रकाश वीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बरभौली के पास सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 07 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.दिलशाद बाबू पुत्र सफीक खान उम्र 20 वर्ष 2.इस्माइल पुत्र हबाब खान उम्र 54 वर्ष निवासीगण ग्राम गुसियारी थाना मौदहा जनपद हमीरपुर 3.हरिशंकर वर्मा पुत्र मनमोहन उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम तिन्दुही थाना खन्ना जनपद महोबा 4.कुलदीप तिवारी पुत्र मुलचन्द्र उम्र 32 वर्ष 5.निरंजन खंगार पुत्र छोटे लाल उम्र 30 वर्ष 6.ज्ञान बाबू पुत्र लक्ष्मी रैकवार उम्र 60 वर्ष निवासीगण ग्राम इचौली थाना मौदहा जनपद हमीरपुर 7.सीताराम अहिरवार पुत्र मूलचन्द्र उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम न्यूरिया थाना खन्ना जनपद महोबा को नियमानुसार पुलिस हिरासत में लिया गया। जिनके कब्जे से मालफड़ 28100 रुपये व जामातलाशी 4400 रुपये व 52 अदद ताश पत्ते बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 29/2025 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1.उ0नि0 हीरामणि तिवारी 2.उ0नि0 प्रकाश वीर सिंह
3.हे0का0 मो0हक 4.का0 सुनील कुमार 5.का0 अमित कुमार 6.का0 हिमांशु पाल

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.दिलशाद बाबू पुत्र सफीक खान उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम गुसियारी थाना मौदहा जनपद हमीरपुर
2. इस्माइल पुत्र हबाब खान उम्र 54 वर्ष निवासी ग्राम गुसियारी थाना मौदहा जनपद हमीरपुर
3. हरिशंकर वर्मा पुत्र मनमोहन उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम तिन्दुही थाना खन्ना जनपद महोबा
4. कुलदीप तिवारी पुत्र मुलचन्द्र उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम इचौली थाना मौदहा जिला हमीरपुर
5. निरंजन खंगार पुत्र छोटे लाल उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम इचौली थाना मौदहा जिला हमीरपुर
6. ज्ञान बाबू पुत्र लक्ष्मी रैकवार उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम इचौली थाना मौदहा जिला हमीरपुर
7. सीताराम अहिरवार पुत्र मूलचन्द्र उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम न्यूरिया थाना खन्ना जनपद महोबा

### बरामदगी का विवरण:-

मालफड़ 28100 रु0 व जामातलाशी 4400 रु0 व 52 अदद ताशपत्ते नाजायज बरामद।



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 19.03.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं शाखा प्रभारियों के साथ की गयी गोष्ठी, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा आज दिनांक- 19.03.2025 को जनपदीय पुलिस के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस कार्यालय अवस्थित समस्त शाखाओं के प्रभारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी की गई। बैठक में सभी शाखा के कार्यों की समीक्षा की गई एवं संबंधित प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल द्वारा सभी शाखाओं की पत्रावलियों का अवलोकन कर सभी के कार्यों की समीक्षा की, लंबित प्रार्थना पत्रों, चरित्र सत्यापन व अन्य जांचों की प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि जनता की शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी व समय से निस्तारण करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित कर पुलिस व जनता के बीच विश्वास को और अधिक मजबूत बनाया जाए। सम्बन्धित शाखा की विभिन्न पत्रावलियों के रखरखाव, लम्बित प्रकरण सहित शाखा में साफ-सफाई का स्तर उच्च बनाये रखने एवं अभिलेखों को अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया, समस्त शाखाओं के प्रभारियों को निष्ठा, मेहनत, लगन व समर्पण की भावना से अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं ।

इसी क्रम में समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों की पेशी में लम्बित विवेचनाओं, प्रार्थना पत्रों व अन्य प्रकरणों की समीक्षा कर निर्देशित किया कि पंजीकृत अपराधों में वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित कर लम्बित विवेचना का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया व कराया जाये।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकांत गोंड, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार, वाचक श्री सन्तोष कुमार दुबे, सीए श्री जाकिर हुसैन, पीआरओ श्री अरविन्द सिंह गौर सहित पुलिस कार्यालय अवस्थित सभी शाखाओं के प्रभारीगण मौजूद रहे।




